# कार्यालय मुख्य अभियन्ता
## मुरादाबाद क्षेत्र, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।

पत्रांक :- 6190 / -मु0क्षे0/17 दिनांक-27-9-2

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड 1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

विषय : ग्राम-नसीरपुर के खसरा सं0-132 कुन्दरकी 2 किमी0 कुन्दरकी तिराहा से डींगपुर-सम्भल रोड मुरादाबाद पर इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के (पैट्रोल पम्प) को स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0, मुरादाबाद का पत्रांक-4278/105काम-मु0वृत/17 दिनांक 07.09.2017

---

कृपया उपरोक्त विषयक सन्दर्भगत पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करें। विषयगत प्रकरण में अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत, लो0नि0वि0, मुरादाबाद द्वारा की गई संस्तुति एवं शर्तो के तारतम्य में ग्राम-नसीरपुर के खसरा सं0-132 कुन्दरकी 2 किमी0 कुन्दरकी तिराहा से डींगपुर-सम्भल रोड मुरादाबाद पर रिटेल आउटलेट (पैट्रोल पम्प) स्थापित करने हेतु इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन, लिमिटेड को निम्न शर्तो के साथ लो0नि0वि0 मे सम्बन्धित अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाता है :-

1 मानचित्र मानक के अनुसार बने है।

2 प्रस्तावित निर्माण अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है।

3- आवेदक के विरूद्ध उक्त प्रस्तावित स्थल सम्बन्धी उ0प्र0 रोड साईड लैण्ड कन्ट्रोल एक्ट-1945 की धारा-13(1) अथवा 13(2) के अन्तर्गत कोई वाद न्यायालय में विचाराधीन नहीं है अन्य किसी प्रकार के वाद एवं विवाद के सम्बन्ध मे आवेदक का उत्तरदायित्व होगा।

4 प्रस्तावित निर्माण स्थल पालिका की सीमा के बाहर है।

5 प्रस्तावित स्थल मुरादाबाद सम्भल मार्ग (एम0डी0आर0-69) के चैनेज 16.133 से 16.186 के मध्य मार्ग के बायी ओर स्थित है।

6- प्रस्तावित निर्माण कृषि योग्य भूमि पर बनाया जाना प्रस्तावित नहीं है।

7 रिटेल आउटलेट की सर्विस रोड के लिये 01 किमी0 की दूरी पर सर्विस बेरियर नहीं है।

8- बफर स्ट्रिप 31.00 मी0 लम्बाई एवं 3.00 मी0 चौडाई तथा रिटेल आउटलेट पर वाहनों का प्रवेश एवं निकास क्रबर्स की चौडाई 12.00 मी0 है।

9 प्रस्तावित पैट्रोल पम्प का निर्माण आई0आर0सी0 कोड सं0-12-2009 के अनुसार किया जाये।

10 आवेदक को प्रस्तावित निर्माण कार्य की मध्य रेखा से बफर स्ट्रिप 18.28 मी0, पम्प 34.40 एवं भवन निर्माण 42.05 मी0 की दूरी पर पर नक्शे में प्रदर्शित है।

क आवेदक को रिटेल आउटलेट पम्प लगाने की अनुमति मिलने के उपरान्त अपने निजी खर्चे से मान चित्रानुसार ओपन ड्रेन(नाली) एवं दोनो ओर पुलिया एवं पहुँच मार्ग निर्माण लो0नि0वि0, की विशिष्टियों के अनुसार कराना होगा। 15 वर्षो के लिये लीजडीड एग्रीमेन्ट निर्धारित प्रपत्र(Annexure-3) पर फर्म से प्राप्त कर लिया गया है एग्रीमेन्ट की फीस सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त जमा करायी जायेगी। प्रार्थी का लीजडीड एग्रीमेन्ट संलग्न है।

ख- आवेदक को यह सुनिश्चित कराना होगा, कि पैट्रोल पम्प लगाने के पूर्व व पश्चात् मार्ग पर किसी प्रकार से यातायात के संचालन में अवरोध न होने पाये।

ग- आवेदक द्वारा किसी भी दशा में स्वंय के इस्तेमाल एवं वर्षाती पानी का बहाव इस प्रकार कराना होगा कि पानी बिना किसी अवरोध के सीधा नाली में ही आये तथा किसी भी दशा मे रिटेल आउटलेट का पानी मार्ग पर नहीं आना चाहिये एवं नाले को बन्द नहीं किया जायेगा।

घ- फिलिंग स्टेशन की सतह को मार्ग की लेपित सतह से 0.50 मी0 नीचा रखा जायेगा।

11 प्रस्तावित पैट्रोल पम्प के पहुँच मार्ग पर 1.00 मी0 स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण लो0नि0वि0 की विशिष्टियों के अनुरूप कराना होगा तथा निर्मित की जाने वाली पुलियों के बीच रोड साईड खन्ती में 1.00 मी0 चौडाई का ड्रेन बनाकर ऊपर स्टील पाईप के कैटिल केचर बना दिया जावे ताकि रोड का पानी सुरक्षा एवं सुविधा पूर्वक रोड साईड ड्रेन से होकर आगे प्राकृतिक नाली/नाले मे बह सके। किसी भी दशा में नाली/नाले

F:\DL\World Petrol Pump.doc

Scanned by CamScanner

को बन्द नहीं किया जायेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि पानी किसी भी दशा में सड़क पर न आने पाये।

12. प्रस्तावित पैट्रोल पम्प के पहुँच मार्ग का ढाल लो0नि0वि0 मार्ग से पुलिया की ओर होगा तथा पुलिया आई0आर0सी0 13 के अनुसार निर्मित की जायेगी।

13. बफर स्ट्रिप के पास हैजिज की ऊँचाई 60सेमी0 से ऊपर न रखी जाये।

14. प्रस्तावित पैट्रोल पम्प का निर्माण लो0नि0वि0. मार्ग की स्थाई भूमि के बाहर अनुमोदित नक्शे के अनुसार किया जाये तथा निर्माण सामग्री इस सीमा में न रखी जाये। मार्ग के मध्य से 70 फिट की दूरी के कम पर कोई भवन निर्माण नहीं होना चाहिये।

15. प्रस्तावित स्थल के ऊपर 300 मी0 दोनों ओर कोई रोड क्रोसिंग नहीं होनी चाहियें।

16. यदि निर्माण स्थल की भूमि पर न्यायालय का कोई विवाद विचाराधीन हो तो ऐसी स्थिति में अनापत्ति प्रमाण-पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

17. प्रस्तावित पैट्रोल पम्प से सम्बन्धित निर्माण कार्य कराने के पूर्व प्रार्थी को **अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुरादाबाद** में लाईसेन्स डीड एक्जीक्यूट कराना आवश्यक है।

18. भूमि के स्वामित्व का सत्यापन राजस्व विभाग से करा लिया जाये इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

19. लोक निर्माण विभाग मार्ग के चौड़ीकरण के समय यदि पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य हेतु पम्प आदि को शिफ्ट करने की आवश्यकता हुई तो प्रार्थी को अपने खर्चे पर ही कार्य कराना होगा। इस क्षति के लिये किसी भी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जायेगा। भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्राक आर0डब्लू0/एन0एच0-33023-19/99-डी0ओ0 तृतीय दिनांक 31.08.2000, 25.09.2003 एवं 17.10.2003 में दी गयी गाईडलाईनों का अनुपालन करना होगा।

20. उक्त के अतिरिक्त शा0स0-RW/NH/19-DO-II दिनांक 24.07.2013 के प्रस्तर-5 जिसके अनुसार मार्ग की भूमि का प्रयोग करने के लिये मुबलिक रू0 2,00,000.00 (रू0 दो लाख मात्र) एकमुश्त लाइसेन्स के रूप में एवं 5 प्रतिशत प्रोसेसिंग फीस के रूप में मुबलिक रू0 10,000.00 (रू0 दस हजार मात्र) जमा करने हेतु इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन, लिमिटेड के डीलर के नाम से शपथ पत्र ले लिया जाये।

संलग्नः- 1-मानचित्र दो प्रतियों में।
2-एनक्जर एव चैक लिस्ट।
3-भू0स्वामित्व की छायाप्रति, खतौनी।
4-अधी0अभि0, मु0बाद का पत्र सं0-4278/
105काम-मु0वृत/17 दि0 07.09.2017 के पत्र की छाया प्रति।

(एस0पी0 पाण्डेय)
मुख्य अभियन्ता

प्रतिलिपि :- अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0, मुरादाबाद को उनके पत्रांक-4278/105काम-मु0वृत/17 दिनांक 07.09.2017 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

27/9/17
मुख्य अभियन्ता
मुरादाबाद क्षेत्र, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

(हस्ताक्षरकर्ता)
एस एम तुमाने
वरिष्ठ डिवीजनल रिटेल सेल्स मैनेजर
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
डिवीजनल ऑफिस मुरादाबाद (यू.पी.)

Scanned by CamScanner